छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् ,रायपुर
कार्यालय – शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय चिकित्सालय भवन,रायपुर
492010(छत्तीसगढ़) फोन एवं फैक्स 0771 – 2263165
वेबसाईट – www.cgaupcb.in, **ई–मेल** – registrar@cgaupcb.in, cgaupcbregistrar@gmail.com

क्रमांक / पंजी. नवीनी./ 2024/ 692 रायपुर, दिनांक 30/10/2024

–:: सूचना ::–

छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद्, रायपुर (छ.ग.) में दिनांक **04 जुलाई 2002 से 30 जून 2019** तक पंजीकृत समस्त आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा व्यवसायियों के राज्य रजिस्टर का छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक, यूनानी तथा प्राकृतिक चिकित्सा व्यवसायी अधिनियम 1970 के धारा 21(1) में प्रदत्त शक्तियों, परिषद् की संपन्न 17वीं एवं 20वीं बैठक में लिये गये निर्णयों एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग विनियम 2023 (आचार एवं पंजीयन) की धारा 7 के परिपालन में पंजीयन का पुनरीक्षण एवं नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर 2024 तक निर्धारित थी।

2/– उपरोक्तानुसार पंजीकृत चिकित्सकों को परिषद् कार्यालय में उपलब्ध उनके पते पर पंजीयन नवीनीकरण की सूचना रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित की गयी थी। इस संबंध में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र यथा दैनिक नवभारत रायपुर दिनांक 29.06.2024 एवं दैनिक हरिभूमि बिलासपुर दिनांक 29.06.2024 तथा दैनिक भास्कर दिनांक 19.09.2024 एवं नवभारत बिलासपुर दिनांक 19.09.2024 को प्रकाशित किया गया है। तत्संबंधी सूचना परिषद् के वेबसाईट www.cgaupcb.in में भी समय–समय पर अपलोड की गयी है।

3/– उक्त के तारतम्य में सर्वसंबंधितो को सूचना है कि ऐसे आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सक जिनका पंजीयन 30 जून 2019 तक हुआ है यदि उन्होने अद्यावधि पंजीयन पुनरीक्षण एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया है वे अनिवार्यतः 31 दिसंबर 2024 तक आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र प्रस्तुत नही करने वाले चिकित्सकों का नाम राज्य रजिस्टर से पृथक करने एवं उन्हे जारी पंजीयन निरस्त करने के लिए यह परिषद् सक्षम होगा जिसकी जवाबदेही संबंधित चिकित्सक की होगी। पंजीयन पुनरीक्षण तथा नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों एवं शुल्क की जानकारी परिषद् के वेबसाईट www.cgaupcb.in में उपलब्ध है।

उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं क्रियार्थ।

(डॉ. संजय शुक्ला)
रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति
एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद्, रायपुर (छ.ग.)

****

छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् ,रायपुर
कार्यालय - शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय चिकित्सालय भवन,रायपुर
492010(छत्तीसगढ़) फोन एवं फैक्स 0771 - 2263165
वेबसाईट - www.cgaupcb.in, ई-मेल - registrar@cgaupcb.in, cgaupcbregistrar@gmail.com

—:: पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं शुल्क विवरण ::—

आवश्यक दस्तावेज :—

01. आवेदन पत्र
02. पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति,
03. आधार कार्ड का स्वप्रमाणित छायाप्रति,
04. नवीनतम 02 पासपोर्ट साईज फोटो,
05. शपथ पत्र,
06. डिमांड ड्रॉफ्ट **"CG AYUR, UNANI PRAKRI, CHIKITSA"** के नाम से स्वीकार किए जाएंगे।

अथवा

नगद शुल्क की रसीद

30 नवंबर 2024 तक	**पुनरीक्षण/नवीनीकरण शुल्क**	**— 1500/—**
	विलंब शुल्क	**— 1500/—**
	कुल राशि	**— 3000/—**
31 दिसंबर 2024 तक	**पुनरीक्षण/नवीनीकरण शुल्क**	**— 1500/—**
	विलंब शुल्क	**— 2000/—**
	कुल राशि	**— 3500/—**

(डॉ. संजय शुक्ला)
रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी,
प्राकृतिक चिकित्सा परिषद्, रायपुर (छ.ग.)

****